# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 14.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

सावन माह के पहले सोमवार पर आज राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी प्रमुख शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां श्रद्धालुओं द्वारा सुबह से ही भगवान शिव का जलाभिषेक किया जा रहा है। चुटिया के सुरेश्वर धाम, सहित अन्य शिव मंदिरों में भी भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। पहाड़ी मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और पुलिस और स्वयंसेवक लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं।

*****************

इधर खूंटी जिले के बाबा आम्रेश्वरधाम में भी सावन की पहली सोमवारी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तों ने कतारबद्ध होकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। प्रबंधन समिति और जिला प्रशासन की ओर से जलार्पण के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसमें महिला–पुरुषों के लिए अलग कतार, प्रवेश और निकासी द्वार और स्वास्थ्य काउंटर शामिल थे। बाबा आम्रेश्वरधाम प्रबंधन समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने जानकारी दी कि स्वयंसेवकों की मदद से जलाभिषेक प्रक्रिया सुचारु रूप से चलती रही और भक्तों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

*****************

उधर कोडरमा में सावन की पहली सोमवारी पर ध्वजाधारी आश्रम में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। यहां द्वापर युग की परंपरा के अनुसार भक्त 777 सीढ़ियां चढ़कर भगवान शिव को ध्वजा और त्रिशूल अर्पित करते हैं। पुजारी और महामंडलेश्वर महंत सुखदेव दास जी महाराज ने बताया कि इस वर्ष श्रावण माह में भक्त विशेष आस्था के साथ भोलेनाथ से मन्नतें मांग रहे हैं।

*****************

जमशेदपुर के टाटा कमिंस गेट क्षेत्र में कमिंस कंपनी द्वारा नाला बंद किए जाने से भारी जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। बीते 12 घंटे से सड़कों पर पानी भरा है और फिसलकर गिरने से कई लोग घायल हो चुके हैं। हालात से नाराज़ स्थानीय लोगों ने जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह के नेतृत्व में जलसत्याग्रह की चेतावनी दी है।

*****************

भारत के विज्ञान और दृढ़ संकल्प की ऐतिहासिक उपलब्धि, चंद्रयान–3 ने आज अपने प्रक्षेपण के दो वर्ष पूरे कर लिए। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट ऊँचाई वाले क्षेत्रों में लैंडर और रोवर को स्थापित करना तथा संपूर्ण लैंडिंग और रोविंग क्षमताओं का प्रदर्शन करना था। वर्ष 2023 में आज ही के दिन, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो द्वारा विकसित एलवीएम3 एम4 रॉकेट ने चंद्रयान–3 को सफलतापूर्वक कक्षा में प्रक्षेपित किया था।

*****************

एक्सियोम–4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की वापसी आज शुरू होगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उनकी वापसी यात्रा भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगी और मिशन के सदस्य कल लगभग तीन बजे धरती पर पंहुच जायेंगे।

**__******************__**

पलामू जिले में खाद्य एवं सार्वजनिक विभाग की केन्द्र सरकार की टीम ने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न क्रियान्वयन योजनाओं की समीक्षा की।

**__******************__**

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार दक्षिण–पश्चिम बंगाल में बना हुआ निम्न दबाव का क्षेत्र अगले 24 घंटों में डिप्रेशन में बदल सकता है। इसके प्रभाव से राज्य के कई हिस्सों में अगले 24 घंटे में भारी बारिश की संभावना है।

**__*******समाप्त********__**